तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 31 जनवरी 2024



12 गन्ना उत्पादक कृषकों को जरूरी मदद उपलब्ध कराएगा ...





11 प्रधानमंत्री मोदी की सलाह माता-पिता और गुरू ...






## खबर संक्षेप

### ग्राम घीना में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**बालोद।** ग्राम घीना में श्रीमद् भागवत कथा संगीतमय ज्ञान यज्ञ



सप्ताह का आयोजन 1 से 9 फरवरी तक किया गया है। कथावाचक विनोद तिवारी महाराज होंगे। कथा दोपहर 12 बजे से संध्या 4 बजे तक होगी। डिलेश्वर विश्वकर्मा, परमेश्वर सिन्हा और रूपसिंह रावटे ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। कथा सुनने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दुविधा ना हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कथा का प्रसारण विनोद तिवारी महाराज के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा।

### ग्राम भेजा मैदानी में श्रीमद् भागवत कथा 6 से

**गुरूर।** ग्राम भेजा मैदानी के बाजार चौक पर श्रीमद् भागवत महापुराण



ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 6 फरवरी से किया गया है, जिसका समापन 14 फरवरी को होगा। कथावाचक पंडित मनोज दुबे होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 6 फरवरी को कलश यात्रा, वेदी स्थापना, गोकर्ण व्यास कथा से होगी। 7 फरवरी को परीक्षित जन्म, परीक्षित शुक संवाद की कथा होगी। 8 फरवरी को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 9 को भरत चरित्र, अजामिल, प्रहलाद कथा, 10 को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वानम अवतार, 11 को श्री कृष्ण जन्म, माखन लीला की कथा होगी। 12 फरवरी को गोवर्धन लीला, रूक्मिणी विवाह, 13 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी के बाद 14 फरवरी को गीता, तुलसी वर्षा, हवन, तर्पण, पूर्णाहुति, भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा कल

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 01 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा गया है।

### गुरूर कॉलेज में आज वार्षिकोत्सव

**गुरूर।** स्वं डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में आज वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ होगा। मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गुरूर डॉ. केएल रावटे करेंगे। विशेष अतिथि सांसद प्रतिनिधि यादराम साहू, पूर्व अध्यक्ष जन भागीदारी शासकीय महाविद्यालय ओंकार महमल्ला, महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर सुमित राजा राजपूत, विधायक प्रतिनिधि टिकेश्वर साहू, नागेश साहू के साथ छात्रसंघ प्रभारी एल हिरवानी रहेंगे।

### देवरी-बंगला में 5 को पेंशनरों की बैठक

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा एवं मार्रीबंगला देवरी की संयुक्त बैठक 5 फरवरी दिन सोमवार को समय 12 बजे दोपहर को देवरी बंगला के पुराना कम्युनिटीहाल में रखा गया है। यह मार्री बंगला देवरी तहसील का प्रथम बैठक है। इसलिए दोनों तहसील के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों से अनिवार्यत आने कहा गया है। बैठक में दोनों तहसील के कार्यक्षेत्र का पुनः निर्धारण किया जावेगा, साथ ही कौन-कौन से गांव एवं राजस्व मंडल क्षेत्र आवेंगे, साथ ही दोनों तहसील के ▶▶। शेष पेज 10 पर

# गोबर से पेंट तो बना ली पर नहीं हो रही बिक्री, मजदूरी निकालना भी हो रहा मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

गोबर से बने पेंट के नहीं बिकने से स्व सहायता समूह की महिलाएं परेशान हैं। आमदनी तो दूर, उन्हें बिजली बिल, और मजदूरी भुगतान करने में भी परेशानी हो रही है। समूह की महिलाओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर गोबन से बने पेंटकी बिक्री सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से पेंट का निर्माण किया जा रहा था। कुछ समय तक गोबर से बने पेंट की अच्छी बिक्री भी हुई, लेकिन विधानसभा चुनाव के पहले आचार संहिता लागू होते ही स्व सहायता समूह की महिलाओं ने गोबर से पेंट तो बना दिया गया, लेकिन उसमें लगने वाली लागत और बिजली की खपत का भुगतान कर पाना अब समूह को भारी पड़ रहा है।

जिले की ग्राम पंचायत बरही के अंतर्गत ग्राम बरही में ही गौठान में गोबर पेंट इकाई संचालित है। इसका संचालन गांव के ही गौरी स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। समूह की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गोबर पेंट इकाई में पेंट बनाकर रखा हुआ है, लेकिन इसका विक्रय नहीं होने से समूह की महिलाओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर मांग सहयोग

**खास बातें**

- ग्राम पंचायत बरही स्थित गौठान में गौरी स्वसहायता समूह द्वारा किया जाता है इकाई का संचालन



### हर माह 4 हजार आता है बिजली बिल

महिलाओं ने बताया कि पेंट बनाने की कई मशीनें यहां लगी हुई हैं, जिनका विद्युत बिल हर महीने लगभग 4 हजार रुपये आता है। महिलाओं ने बताया कि पेंट की बिक्री नहीं होने से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर से मांग की कि गोबर पेंट इकाई की संचालन के लिए यहां के गोबर से बने पेंट को शासकीय कार्यालयों व आवासों में पोताई के लिए निर्देशित करें, ताकि गोबर से बने पेंट की बिक्री से सदस्यों को उनकी मजदूरी का भुगतान किया जा सके, बिजली बिल का भुगतान कर इकाई का सुचारू रूप से संचालन किया जा सके। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में शैल सिन्हा, मंजू मंडावी, लता बाई, अमरौतिन बाई, कीर्ति निर्मलक, मोहिनी, पूर्णिमा, रीना, सुनीता सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

फरमान : जिला विपणन अधिकारी भारद्वाज ने कहा बालोद तहसील में प्रति एकड़ 18.50 क्विंटल उत्पादन

# 55 खरीदी केंद्रों को नोटिस, अनावरी रिपोर्ट से ज्यादा धान खरीदी का पूछा गया कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अण्डा

जिले में जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज ने प्रदेश की सरकार को धान खरीदी मामले में सीधे चुनौती दी है। जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज ने जिले के उन 55 खरीद केन्द्रों को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है जहां पर शासन के निर्देशानुसार 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से किसानों से धान की खरीद की गयी है। जिला विपणन अधिकारी द्वारा उठाये गये इस कदम से धान खरीदी केन्द्र के प्रभारियों में हड़कंप मच गया है।

केन्द्र प्रभारियों को यह कहना है कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान शासन के नियमानुसार पटवारी द्वारा दिये गये गिरदावरी के अनुसार की गई है, लेकिन अब विपणन अधिकारी द्वारा इस प्रकार से नोटिस जारी करना समझ से परे लग रहा है। केंद्र प्रभारियों का कहना है कि यह नोटिस तब आया है, जब धान की खरीदी मात्र दो-तीन बची हुई है। वहीं, इस नोटिस का जवाब भी तीन दिन के भीतर मांगा गया है। सोसायटी प्रभारी यह नहीं कर पा रहे हैं कि उन्हें शासन का आदेश मानना है या नहीं। दूसरी तरफ धान की बिक्री करने वाले किसान भी परेशान हैं।

### धान खरीदी के लिए शासन का निर्देश

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यह निर्देश जारी किया गया है कि प्रत्येक किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदी किया जाना है। इसके लिए किसानों की ऋण पुस्तिका एवं गिरदावरी को मापदंड माना गया है जो सोसाइटी में सर्वे रिपोर्ट भी मौजूद है जिसमें कुछ किसान ऐसे भी हो सकते हैं जिनकी ऋण पुस्तिका में धान उत्पादन खेत ज्यादा है लेकिन धान नहीं बोए हैं ऐसे किसानों से कम धान खरीदने का रिकॉर्ड भी सोसाइटी में है।



### नोटिस में समिति प्रभारियों को चेतावनी भी

नोटिस का प्रति उत्तर तीन दिवस के भीतर देने को कहा गया है। समय सीमा में जवाब नहीं देने की स्थिति में केन्द्र प्रभारी को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के सोसायटी कमीशन एवं बोनस के लिए अपात्र मानते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु नस्ति विपणन संघ मुख्यालय को भेजने की चेतावनी भी दी गई है।

### नहीं मिली प्रतिलिपि

समितियों को जिला विपणन अधिकारी द्वारा नोटिस जारी होने की जानकारी प्राप्त हुई है। नोडल शाखा को इसकी प्रतिलिपि नहीं मिली है।

- **कुसुम ठाकुर,** जिला नोडल अधिकारी।

### अनावारी रिपोर्ट से ज्यादा धान खरीदी का पूछा गया कारण

जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बालोद जिले के 143 खरीद केंद्रों से 55 खरीद केंद्रों को नोटिस जारी कर पूछा गया है कि अनावारी रिपोर्ट से ज्यादा धान क्यों खरीदा गया है। इसका कारण बताने कहा गया है। जो गिरदावारी रिपोर्ट पटवारी द्वारा दी गई है, उसी के आधार पर जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं। समिति को जो खरीदी लक्ष्य मिला है, गिरदावरी के अनुसार उसमें खरीदी जारी रहेगी।

### 27 जनवरी को जारी किया नोटिस

जिला विपणन अधिकारी द्वारा 27 जनवरी को जारी नोटिस में कहा गया है कि कृषि विभाग की अनावारी रिपोर्ट के अनुसार बालोद तहसील में प्रति एकड़ 18.50 क्विंटल का उत्पादन है। अद्यतन स्थिति में 18.63 क्विंटल प्रति एकड़ के अनुसार खरीदी की जा रही है। इस तरह औसत उत्पादन से 1082.17 क्विंटल अधिक खरीदी कर ली गई है। औसत से अतिरिक्त धान किन-किन खसरों में खरीदी गई, उनकी सूची उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही पूछा गया है कि किन कारणों से धान आपके उपार्जन केन्द्र में औसत उत्पादन से अधिक खरीदा गया। उक्त 1082.17 क्विंटल धान खरीदी करने में कितना अतिरिक्त व्यय हुआ। अतिरिक्त धान का निराकरण किस प्रकार होगा एवं सूखत आने पर कौन जिम्मेदार होगा।

# नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज. बालोद/गुण्डरदेही

- प्रार्थी की शिकायत पर गुंडरदेही पुलिस ने की कार्रवाई
- मंगचुआ थाना क्षेत्र में ठगी का आरोपी अभी भी फरार, तलाश में जुटी पुलिस

जिले की गुण्डरदेही पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख 45 हजार रुपये की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, जिले के मंगचुआ थाना क्षेत्र में भी नौकरी लगाने के नाम पर करीब 7 लाख रुपए की ठगी करने वाले ठग खिलावन चंद्राकर अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। मंगचुआ पुलिस का कहना है कि आरोपी खिलावन चंद्राकर लगातार अपना लोकेशन बदल कर फरार है, पुलिस खोजबीन में जुटी हुई है और बहुत जल्द उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी।

इधर गुण्डरदेही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंगारी निवासी प्रार्थी भूपेश कुमार साहू 45 वर्ष ने पुलिस अधीक्षक बालोद के समक्ष शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था कि आरोपी कार्तिक राम डहरिया, नितेश कुमार गेण्ड्रे और दीपक कुमार देशलहरे ने चपरासी के पद पर नौकरी लगाने के लिये 4 लाख रूपये एवं प्राथएँ के मित्र राजनांदगांव जिले के रहने वाले ओम प्रकाश सिन्हा को सचिवालय में रजिस्टार के पद पर नौकरी लागने के लिये 7,45,000 रूपये नगद कुल 11,45,000 रुपए बैंक खाता एवं फोन पे के माध्यम से लेकर धोखाधड़ी करने की शिकायत किये थे। जिसकी जांच पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। इस प्रकरण के फरार आरोपियों की पता तलाश के लिए टीम गठित की गई। पुलिस को 29 जनवरी को सूचना मिली कि आरोपी कार्तिक डहरिया ग्राम ओटेबंद में देखा गया है। इसकी सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। सायबर सेल बालोद से तकनिकी सहायता प्राप्त करने पर आरोपी दीपक देशलहरे का लोकेशन नगपुरा जिला दुर्ग प्राप्त होने पर ग्राम मनगटा नगपुरा के मध्य घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी नितेश कुमार ▶▶। शेष पेज 10 पर

# चरोटा में मड़ई-मेला कल कुष्ठ रोग की भ्रांतियां दूर करना ही लक्ष्य : उर्वशा

**जीवाणु जनित रोग है कुष्ठ, नियमित दवाई सेवन से हो जाता है ठीक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुरूर

महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुष्ठ रोग से मुक्त हो भारत देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला प्रशासन के निर्देश व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीआर रावटे के मार्गदर्शन में श्रद्धांजलि सभा रखा गया था। बीईटीओ उर्वशा द्वारा बताया गया कि कुष्ठ रोग असाध्य नही, साध्य है, इनका इलाज संभव है। यह एक जीवाणु जनित रोग हैं, प्रारंभिक अवस्था में



चमड़ी पर तेलिया तामिया उभरे हुए, सुन्नपन, बदरंगे दाग, तंत्रिकाओं का मोटापन इनके समान्य लक्षण होते हैं, यदि उपरोक्त में कोई लक्षण दिखे तो तत्काल ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, मितानिन व नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। कुष्ठ रोग की पहचान होने पर शासन द्वारा दवाई निःशुल्क दी जाती है, जिनको 6 माह व 12 माह तक दवा सेवन कर रोग मुक्त हो जाते हैं। बीपीएम वायके साहू ने कहा कि कुष्ठ की भ्रांतियों को दूर करने समाज के लोगो को जागरुक करना हमारी प्राथमिकता है। अल्का कुमरा द्वारा सभी आए हुए उपचाररत व्यक्तियों को स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर स्टॉफ के नर्सिंग सिस्टर ललिता ठाकुर, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक आरके ध्रुव, बीडीएम हेमंत जाचक, एजी 3 विवेक देवांगन, आरएचओ संजय मेश्राम ▶▶। शेष पेज 10 पर

# अज्ञात चोरों से अब ट्रांसफार्मर भी सुरक्षित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

जिले में चोर अब अपनी जान को दांव पर लगाकर चोरी की घटना को अंजाम देने लगे हैं। छोटे पान ठेलो से लेकर किराना दुकान और सुने मकान सहित सोने-चांदी की दुकानों में चोरों ने अब तक घटना को अंजाम दिया था, लेकिन अब विद्युत ट्रांसफार्मर पर भी चोर हाथ साफ करने लगे हैं, चोरों ने ट्रांसफर को क्षतिग्रस्त कर उसमें से करीब 70 लीटर ऑयल निकाल लिया और फरार हो गए।

घटना 28 दिसम्बर 2023 को जिले के गुरुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरतरा का है, जहां एक ग्रामीण के



खेत में लगे ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने क्षतिग्रस्त करके उसमें से ऑयल निकाल लिया। विद्युत वितरण कंपनी के जेई दुष्यंत कुमार पोया ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया कि बुलेश्वर सिन्हा नामक ग्रामीण के खेत में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर तथा नीचे गिराकर किसी अज्ञात चोर ने उसमें दसे 70 लीटर ऑयल पार कर दिया है। चोरों ने ट्रांसफार्मर से ऑयल निकालने के लिए ट्रांसफार्मर को काफी नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। इस घटना को काफी समय बीत गया है और अज्ञात चोरों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

शासकीय प्राथमिक शाला कुसुमकसा क्रमांक-1 का मामला

# सौ साल पुराने जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं बच्चे, जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुसुमकसा

आदिवासी विकासखण्ड डोंडी की सबसे बड़ा ग्राम पंचायत व पूर्व का विधायक आदर्श ग्राम कुसुमकसा के शासकीय प्राथमिक शाला कुसुमकसा क्रमांक-1 के 102 साल पुराने जर्जर शाला भवन में आज भी बच्चों को पढ़ना पड़ रहा है। जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की अनदेखी के कारण नौनिहालों की जान खतरे में है, वहीं उनके पालक और चिंतित शिक्षक चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 102 साल पुराना शाला भवन का हाल का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त है। आधे हिस्से में जहां कक्षा लगती है, उसके ऊपर की लकड़ी खराब हो गई हैं, वहीं कवेलू भी कुछ जगह गिर गया है। दोपहर को सूर्य की तेज धूप सीधे बच्चों पर पड़ती है। इसके साथ ही बारिश में ▶▶। शेष पेज 10 पर



### कई बार दिया आवेदन, पर नहीं सुनी गई मांग

शाला भवन में बालिकाओं के लिए शौचालय नहीं होने से छात्राओं व स्टाफ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शाला के जिस कमरे में कक्षा पांचवी संचालित होती है, उसकी दीवार के उस पार बाहर में कूड़ादान बना हुआ है जिससे बदबू आती रहती है। बरसात के दिनों में बदबू बढ़ने से बच्चों का कक्षा में बैठना मुश्किल हो जाता है। शाला प्रबन्धन समिति द्वारा कई बार प्रस्ताव कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों से जर्जर भवन का नवनिर्माण कराने, बालिकाओं के लिये शौचालय का निर्माण व कूड़ादान को हटाने के लिए कई बार मांग की किन्तु उनकी मांगों को आज पर्यंत तक किसी ने नहीं सुना।

### नए कमरों के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत, उठे सवाल

ग्रामीणों ने बताया कि 100 साल में एक अतिरिक्त कक्ष व प्रधानपाठक कक्ष का ही निर्माण हो पाया है। कुछ साल पहले ही बनाए गए दोनों कक्षों का शासन द्वारा दो-दो लाख रुपयए की राशि स्वीकृत कर जीर्णोद्धार करवाया गया, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों को 100 साल पुराना जर्जर भवन नहीं दिखा। पुराने भवन की मरम्मत के स्थान पर नये भवन के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत करने से भी सवाल उठने लगे हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जयसिंह भारद्वाज ने जर्जर भवन के संबंध में दिखवाने की बात कही। वहीं, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि आदिवासी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने 100 साल पुराने भवन का जीर्णोद्धार कराना उचित नहीं समझा और नए भवन की मरम्मत के नाम पर लाखों खर्च कर दिए।

### तीन दिवसीय मानस सम्मेलन 2 फरवरी से

**गुरूर।** ग्राम डढ़ारी में नवयुवक मित्र मण्डल डढ़ारी द्वारा तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 2 फरवरी से किया जा रहा है, जिसका समापन 4 फरवरी को होगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत डढ़ारी कामता प्रसाद साहू करेंगे। कार्यक्रम का समापन 4 फरवरी को होगा, जिसके मुख्य अतिथि रोहित खत्री होंगे, अध्यक्षता सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना सत्येन्द्र साहू करेंगी।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### 87 छात्रावास में 3120 बच्चे निवासरत

**बालोद**। जिले में आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत 87 छात्रवास–आश्रम संचालित है। जिसमें बच्चों को आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि छात्रवास–आश्रमों में कुल 3120 बच्चे निवासरत हैं। जिन्हें आवासीय एवं मेस सुविधा के साथ ही कॉपी, किताब, पेन, पेन्सिल, स्कूल बैग, पीटी.शू, ब्लेक शू, मोजा, स्वेटर, चप्पल, अंडर गारमेंट, तेल, साबुन, वाशिंग पाउडर, टूथपेस्ट आदि दैनिक उपयोग की सामग्रियों की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु आवश्यक व्यवस्था एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिसकी समीक्षा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बालोद द्वारा की जाती है।

### शुरू हुआ राशनकार्ड का नवीनीकरण



**गुरूर**। राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। नगर सहित पंचायतों में कार्ड नवीनीकरण के लिए लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। वहीं, राशन कार्ड के नवीनीकरण के लिए लोग खाद्य विभाग द्वारा जारी की गई ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। वे स्वयं अपने मोबाईल फोन से सीजी खाद्य एप के जरिए राशन कार्ड के नवीनीकरण के लिए निःशुल्क आवेदन कर प्रस्तुत कर रहे हैं।

### पुण्यतिथ पर दी श्रद्धांजलि



**गुरूर**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुर में छात्रों एवं स्टाफ के द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को याद करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी है।

### मड़ई के पूर्व देवी देवताओं की हुई पूजा

**गुरूर**। ग्राम कन्हारपुरी में मड़ाई के एक दिन पहले ग्राम के यादव समाज के लोगों द्वारा गांव के देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के बाद घर–घर जाकर जोहारा गया। एवं मेला मंडाई मानने का संदेश देते गए। इस दौरान जीवन यादव, द्रोणा यादव, कोमू यादव, डामन यादव, वेणुगोपाल, तोरण एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## निधन

### गणेश राम ओटी



**बालोद**। शहर निवासी सेवा निवृत्त प्रधान पाठक व गोंडवाना समाज के बालोद तहसील अध्यक्ष गणेश राम ओटी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे महेंद्र ओटी व डोमेंद्र ओटी के पिता जी थे।

**अध्यात्म :** ग्राम हल्दी में श्रीमद् भागवत कथा जारी, सुदामा चरित्र प्रसंग पर कथावाचक ने कहा

# अच्छे कर्म करके अपने जीवन को सुखमय बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मनुष्य को अच्छे कर्म करके अपने जीवन को सुखमय बनाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को किसी प्रकार की विपत्तियों का सामना न करना पड़े।

उक्त बातें नेवारीकला से आए कथावाचक पंडित लोकेश शर्मा ने ग्राम हल्दी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में सुदामा चरित्र कथा के दौरान कही। उन्होंने सुदामा चरित्र कथा का रसपान कराते हुए कहा कि मित्रता में अमीर व गरीब का भेद नहीं होता, बल्कि मित्रता की पहचान संकट के समय होती है। मित्रता श्री कृष्ण और सुदामा जैसी होना चाहिए। उन्होंने बताया भगवान श्री कृष्ण ने अपनी मित्रता को निभाने के लिए अपने राजमहल से निकलकर गरीब सुदामा को दौड़कर अपने महल में लाकर सिंहासन पर बैठाया तथा उनके चरणों को अपने हाथों से धोया। भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा की पत्नी द्वारा दिए गए चावल में से दो मुट्ठी चावल खाकर सुदामा के जीवन यश, कीर्ति, वैभव प्रदान कर दिए।

पंडित लोकेश शर्मा ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि मनुष्य को अपने कर्म के अनुकूल ही फल की प्राप्ति होती है, सदैव धर्म के मार्ग में चलते रहना चाहिए, धर्म के मार्ग पर चलने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, मनुष्य को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए, भगवान के द्वार पर श्रद्धा, विश्वास, समर्पण एवं भक्ति भाव से जाना चाहिए, भगवान अवश्य दुखियों को सहारा देते है। इसके पहले पंडित लोकेश शर्मा महाराज ने कृष्ण जन्मोत्सव, परीक्षित जन्म, रूखमणी विवाह, सती चरित्र, प्रहलाद चरित्र कथा का रसपान भक्तों को कराया गया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्राम हल्दी में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

## प्रभु को भक्ति और देवत्व गुण अति प्रिय : आचार्य कृष्ण





**गुरूर**। जहां गौ माता है वहां गोविंद है, गौ ग्रास नियमित रूप से निकालें और उनकी पूजा करें तो पुण्य की प्राप्ति होगी। प्रभु केवल प्रेम के भूखे हैं। कर्मयोगी बनें और अपना दायित्व निभाते हुए प्रभु की भक्ति करें। सात्विकता का भाव मन में रखें व इसका आचरण करें। धर्म की राह में कितनी भी विपत्ति आए आप अडिग रहें। प्रभु आपका कल्याण जरूर करेंगे।

उक्त बातें ग्राम धानापुरी में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी ने कही। कथा के पांचवें दिन गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन के साथ ही प्रभु के वामन अवतार, राम अवतार की कथा सुनाई गई। इसमें आचार्य ने कहा कि मनुष्य के अच्छे व बुरे का प्रमाण आईना होता है, आईने में अपना चेहरे देखते ही पाप–पुण्य दोनों स्मरण हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि पाप करते समय आंखों में पट्टी बंध जाती है, पाप करने की प्रवृत्ति जब हावी होती है तो मनुष्य को कुछ भी नजर नहीं आता, इससे बचें। आचार्य ने कहा कि बाहर से सात्विक व अंतर्मन में राक्षसी प्रवृत्ति रहेगी तो उस मानव को राहू की तरह श्रीहरि विष्णु दंड देंगे। अमृत का पान करने के लिए देवता का रूप धारण कर कतार में बैठे राहू की सच्चाई जानते ही श्रीहरि ने सुदर्शन चक्र से गर्दन काट दी थी।

### प्रभु को भक्ति ही प्रिय

आचार्य ने कहा कि संसार में परोपकार करने के लिए भगवान कोई भी स्वरूप धारण कर लेते हैं, प्रभु को भक्ति और देवत्व गुण अति प्रिय है, जो हमेशा अंतर्मन से होनी चाहिए। समुद्र मंथन से पहले विष निकला, उसके बाद अमृत, जगत के कल्याण के लिए विष को अपने कंठ में धारण कर भगवान शिव ने अमृत देवों को दिया। इसलिए वे देवाधिदेव कहलाए। वामन अवतार भक्ति की पराकाष्ठा है। आचार्य तिवारी द्वारा बुधवार को श्री कृष्ण जन्म कथा, माखन चोरी की कथा बताई जाएगी, प्रतिदिन भागवत कथा सुनने के लिए आसपास के ग्राम चूल्हापथरा, कन्हारपुरी, खैरडिगी, मुड़गहन, ओडेन्नाडीह, साल्हेभाट से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, समिति से मिली जानकारी अनुसार प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई है।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से कई जन्मों के पापों का होता है क्षय : आचार्य हरीश





**अंडा**। ग्राम कुथरेल में श्रीमद् भागवत कथा में भक्त प्रह्लाद चरित्र एवं भक्त ध्रुव महाराज, भगवान नारायण और गजेंद्र मोक्ष तथा वामन अवतार की कथा का श्रोताओं ने श्रवण किया। व्यासपीठ आचार्य हरीश चतुर्वेदी ग्राम-साजा वाले ने कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ-साथ उसकी शिक्षा पर भी अमल करना चाहिए। भागवत कथा में श्रीमती नूतन-सेवक राम चन्द्राकर, श्रीमती गोमती चन्द्राकर, श्रीमती रजनी चन्द्राकर, दिनेश्वरचन्द्राकर, के.के.चन्द्राकर एवं समस्त ग्रामीणजन उपस्थित थे। आज श्री वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, दिनांक 01 फरवरी को बाललीला, दही लूट, रूखमणि विवाह, 2 फरवरी को सुदामा चरित्र, 3 फरवरी को परीक्षित मोक्ष, चढ़ौत्री, 4 फरवरी को गीता, तुलसी वर्षा, हवनादि कार्य होगा।

## कोचेरा में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा



**गुरूर**। ग्राम कोचेरा में सोमवार को 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस शोभायात्रा निकाली गई एवं कलश पूजन, गौरी गणेश पूजन के बाद गौकर्ण कथा सुनाई गई।
भागवत कथा पंडित संजय दास बैरागी गरियाबंद द्वारा सुनाई जा रही है, परीक्षित लखन लाल अड़ील है। कथा प्रतिदिन 12 बजे से 4 बजे तक सुनाई जाएगी। मंगलवार 30 जनवरी को राजा परीक्षित जन्म ब्रह्मा द्वारा सृष्टि रचना की कथा होगा। 31 जनवरी को सती चरित्र एवं शिव पार्वती विवाह की कथा होगी। 1 फरवरी को ध्रुव चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र की कथा होगी। 2 फरवरी को समुद्र मंथन, वामन अवतार की कथा होगी। 3 फरवरी को श्री कृष्ण जन्म एवं बाल लीला, 4 फरवरी को रूक्मिणी विवाह, सोलह हजार एक सौ आठ पटरानी विवाह की कथा होगी। 5 फरवरी को सुदामा चरित्र, कृष्ण परमधाम यात्रा, परीक्षित मोक्ष एवं तुलसी वर्षा की कथा सुनाई जाएगी। 6 फरवरी को गीतापाठ, कपिला तर्पण एवं पूर्णाहुति होगी। इस आयोजन में धर्मराज साहू, रूपेश कुमार अड़ील, उधोराम साहू, संतोष सोरी, शिवप्रसाद, महेश कुमार, सांतोलाल, दीनदयाल, शिवराम, सोमनलाल एवं समस्त ग्रामवासी कोचेरा का विशेष सहयोग है।

# योजना बनाकर करें बस स्टैण्ड का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा



■ सांसद प्रतिनिधि ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

नगर पंचायत अर्जुंदा में बन रहे बस स्टैण्ड को चरणबद्ध ढंग से तथा सुनियोजित ढंग से बनाने को लेकर सांसद प्रतिनिधि विश्वास गुप्ता ने ज्ञापन सौंपा है।

श्री गुप्ता ने बताया कि बस स्टैंड का निर्माण पुराना थाना में ही होना है, पर जिस स्थल पर ठेकेदार को ले आउट दिया गया है वहां पर अगर बस स्टैंड का निर्माण होता है, तो निश्चित ही हादसे होने का डर तो रहेगा ही, साथ ही आने वाले समय में जब हम युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कामप्लेक्स का निर्माण करेंगे तो भी लगभग 50 दुकान का निर्माण कम होगा। जिससे नगर पंचायत को बड़ा आर्थिक नुकसान होगा। इस बात को ध्यान में रखकर मेरे व नगर पंचायत के पार्षदों द्वारा पहले भी स्थल को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष स्थल का अवलोकन कर विचार विमर्श किया गया था। जिसके बाद उनके द्वारा भी ले आउट को परिवर्तन करने का आश्वासन दिया गया था, पर अनुचित स्थल पर ठेकेदार द्वारा काम आरंभ करने के बाद मैं और नगर पंचायत के 10 पार्षदों ने अनुचित स्थान में बस स्टैंड निर्माण से होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर परिषद से विचार विमर्श कर स्थल चयन कर बस स्टैंड निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### देवरी-बंगला में 5 को पेंशनरों की बैठक

**डौंडीलोहारा**। छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा एवं मारीबंगला देवरी की संयुक्त बैठक 5 फरवरी दिन सोमवार को समय 12 बजे दोपहर को देवरी बंगला के पुराना कम्युनिटीहाल में रखा गया है। यह मारी बंगला देवरी तहसील का प्रथम बैठक है। इसलिए दोनों तहसील के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों से अनिवार्यत आने कहा गया है। बैठक में दोनों तहसील के कार्यक्षेत्र का पुनः निर्धारण किया जावेगा, साथ ही कौन-कौन से गांव एवं राजस्व मंडल क्षेत्र आवेंगे, साथ ही दोनों तहसील के कार्यवाही अलग-अलग पंजी में होगा एवं बालोद जिला की सदस्यता व तहसील की सदस्यता अलग-अलग रसीद से होना है। इसी प्रकार अन्य कार्य जैसे परिवार पेंशन, 80 वर्ष से ऊपर, नामिनी, डिसिस केश एवं संगठन के लिए कैसी व्यवस्था की जावेगी इस पर विस्तार से चर्चा की जावेगी।

# कलेक्टर ने की पीएम आवास योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के वनाधिकार पत्रधारी परिवारों के लिए प्राथमिकता के साथ प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने कहा हैं। बैठक में कलेक्टर ने जिले में अब तक स्वीकृत किए गए कुल आवास की भी समीक्षा की।
उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को जारी किए गए किश्त की राशि के संबंध में भी जानकारी ली।कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य की समीक्षा की है। इसके साथ ही धान की अवैध खरीदी की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा इसके लिए खाद्य अधिकारियों, एसडीएम एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी के द्वारा विभागीय योजनाओं को हासिल करने के लिए उनके विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

### मध्य भारत क्षेत्रीय एथलेटिक्स में सोनालिका को पहला स्थान



**गुरूर**। मध्य भारत 34 वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिलासपुर (कोनी) में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलारी की छात्रा सोनालिका वैका पिता हिरामन वैका माता सीमा वैका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोच लिकेश हिन्दू ने बताया कि सोनालिका वैका ने स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2023 का खिताब भी अपने नाम किया। वहीं, लीना सेन प्रांतीय सांस्कृतिक महोत्सव में द्वितीय व आचार्या भामिनी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को 21 व 22 जनवरी को विद्यालय की वार्षिक सम्मेलन एवं श्री राम जी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद राकेश यादव, लखन लाल गुरुपंच, टेकलाल सोनबेर, अध्यक्ष भाजयुमो मंडल गुरुर मनीष साहू, रविकांत साहू, नंदराम साहू, नंदकुमार, मुकेश अडील, भारती अमित सिन्हा, प्रधानाचार्य राजमणि साहू, प्रवीण साहू एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

### टीआई आनंद राम को दी गई विदाई



**अंडा**। निरीक्षक आनंद राम शुक्ला का स्थानान्तरण दुर्ग यातायात होने पर अंडा पुलिस बल द्वारा उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी है। विदाई समारोह में आनंद राम शुक्ला के द्वारा किये गये कार्यो की सराहना करते हुए नई जिम्मेदारियों का उच्च मनोबल एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से निर्वहन करने हेतु शुमकामनाएं दी गई। इस दौरान देवांश सिंह राठौड़ एसडीपीओ पाटन, थाना प्रभारी अंडा श्रीमति श्रध्दा पाठक, उपनिरीक्षक तुलसी राम साहू, दिनेश कुमार वर्मा, सुन्दर लाल नेताम, धन्नु ठाकुर, लक्ष्मीकांत पात्रे, आकाश अवस्थी, हिम्मत, कोमा, कौशलेन्द्र बघेल , कुबेर पटेल, तेजेश्वर साहू, तिलेश्वर यादव, ओमप्रकाश, भागवत, हेमलता ठाकुर सहित ग्रामीणजन, प्रतिनिधि पुकेश चंद्राकर, उपसरपंच अंडा अमित चंद्राकर, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पत्रकार संजय कुमार साहू, राजेन्द्र कुमार साहू और दिलीप कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

### मौन रखकर गांधी को दी श्रद्धांजलि



**बालोद**। ग्राम घीना के हायर सेकण्डरी स्कूल में गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रातः 11 बजे मौन धारण कर छात्रों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। विद्यालय प्राचार्य एमएल ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का विशेष योगदान रहा है। वीर शहीदों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर देश को स्वतंत्रता दिलाई। 1948 को गांधी जी महापरायण को चले गए। आज मौन दिवस पर स्कूल स्टॉफ और छात्रों के द्वारा सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

## पेज 9 के शेष

### नौकरी लगाने के नाम पर ...

गेण्ड्रे नया रायपुर के एक पार्क में छुपे होने की सूचना मिलने पर टीम को नया रायपुर रवाना किया गया। वहां पार्क की घेराबंदी कर आरोपी नितेश कुमार गेण्ड्रे को पकड़ा गया। तीनों आरोपियों को थाना लाकर पूछताछ करने पर प्रार्थी भूपेश साहू को चपरासी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 4,00,000 एवं प्रार्थी के मित्र ओमप्रकाश सिन्हा निवासी चिट्ठो जिला राजनांदगांव को सचिवालय में रजिस्टार के पद पर नौकरी लगाने के लिए 7,45,000 रूपये कुल 11,45,000 रूपये लेकर आपस में बांट लेना बताया। धोखाधड़ी करके प्राप्त रूपयों को आरोपियों द्वारा खर्च कर लेना एवं नई मोटरसायकल लेने में उपयोग करना बताए जाने पर 29 जनवरी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### चरोटा में मड़ई-मेला कल ...

एएनएम प्रीती साहू, एजी 3 एनके सिन्हा, एजी मुरली यादव, मितानिन सोहद्रा यादव, चेतन सिंघारे, कामिनी यादव, माखन व स्टॉफ उपस्थित थे।

### सौ साल पुराने जर्जर ...

पानी गिरता है। हमेशा इस बात का भय बना रहता है कि कहीं कवेलू उन पर न गिर जाए। हाल के बीच में ऊपर की लकड़ी नीचे ना आए, इसलिये बल्ली लगाई गई है। भवन के पीछे की जगह भी जर्जर होने के कारण अनुपयोगी है। बरामदे में बच्चे मध्यान्ह भोजन करते हैं, वहां पर इंटों से बना कालम तिरछा हो गया है, इससे लगता है कि यह कभी भी गिर सकता है, जिससे हमेशा कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। **समिति सदस्यों ने की ये मांग :** शाला प्रबन्धन व विकास समिति प्राथमिक शाला कुसुमकसा क्रमांक 1 की अध्यक्ष केशरबाई साहू, सदस्यगण देवनाथ ,अरविंद कुमार पिस्दा, खेमिनबाई निर्मलकर, कुमारी बाई मंडावी, शेख अलाउद्दीन ने शासन प्रशासन से जर्जर शाला भवन का नवनिर्माण, बालिका शौचालय निर्माण कराने व कूड़ादान को हटवाने की मांग की है।

### देवरी-बंगला में 5 को ...

कार्यवाही अलग-अलग पंजी में होगा एवं बालोद जिला की सदस्यता व तहसील की सदस्यता अलग-अलग रसीद से होना है। इसी प्रकार अन्य कार्य जैसे परिवार पेंशन, 80 वर्ष से ऊपर, नामिनी, डिसिस केश एवं संगठन के लिए कैसी व्यवस्था की जावेगी इस पर विस्तार से चर्चा की जावेगी।

# कामरेड गणेश राम को प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



छत्तीसगढ़ माईंस श्रमिक संघ के पूर्व अध्यक्ष और मजदूर नेता स्वर्गीय कामरेड गणेश राम चौधरी की प्रथम पुण्यतिथि (29 जनवरी) पर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा और छत्तीसगढ़ माईंस श्रमिक संघ युनियन के द्वारा युनियन आफिस में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर डाक्टर शैवाल जाना प्रभारी शहीद अस्पताल के द्वारा उपस्थित जनसमूह को दो मिनट का मौन धारण करवाकर कामरेड गणेश राम चौधरी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सी एम एस एस के शैलेश बम्बोड़े, प्रकाश क्षत्रिय सचिव सीटू , राजेन्द्र बेहरा अध्यक्ष एटक, अनिल यादव सचिव भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी, बिहारी लाल ठाकुर वरिष्ठ कार्यकर्ता छमुमो, सुरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष सी एम एस एस, सोमनाथ उइके अध्यक्ष सी एम एस एस, जनक लाल ठाकुर अध्यक्ष छमुमो, योगेश कुमार यादव अध्यक्ष बेरोजगार संघ, राम चरण नेताम महामंत्री सी एम एस एस ने श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय कामरेड गणेश राम चौधरी की कुशल नेतृत्व, उनकी सादगी, उनकी जीवन शैली, उनकी दूरदर्शिता, उनके व्यवहार, निर्णय क्षमता और रेजिंग मजदूर सदस्य से कार्यकर्ता, कार्यकर्ता से मुखिया और मुखियाओं में अपनी अलग पहचान बनाते हुए संगठन के शीर्ष नेतृत्व पर पहूंचने की उनकी जीवन यात्रा को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में लाल हरा परिवार के सदस्य कार्यकर्ता मुखिया पदाधिकारी और शहीद अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मचारी स्टाफ डीपीआर रिटायर्ड एवं बेरोजगार संघ के नौजवान साथी उपस्थित थे।

### 7 मार्च 1974 में हुए थे भर्ती

सभा के दौरान बताया गया कि कामरेड गणेश राम चौधरी 7 मार्च 1974 को ठेकेदारी रेजिंग मजदूर के तौर पर भर्ती हुए थे। वहां से वह 31 जुलाई 2014 को डीपीआर मजदूर के तौर पर झरन दल्ली खदान से सेवानिवृत्त हुए। श्री चौधरी ने जीवन पर्यंत संघर्षरत करते रहकर साबित कर दिया कि मजदूर वर्ग कभी रिटायर नहीं होते हैं। कामरेड शंकर गुहा नियोगी की शहादत के बाद 27 फरवरी 2022 तक छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के अध्यक्ष का कार्यभार बखूबी से संभाला। वह हड़ताल मजदूरों की संघर्ष रेल रोको सत्याग्रह में प्रथम पंक्ति में खड़े होकर नेतृत्व करते थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

## खबर संक्षेप

### तलाक की अर्जी कोर्ट ने की खारिज



लाटाबोड़। पत्नी पर दुर्व्यवहार करने, अमर्यादित आचरण कर परिजनों को प्रताड़ित करने सहित अन्य कारणों का हवाला देकर तलाक के लिए आवेदन करने वाले प्रार्थी की अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। इस मामले में प्रार्थी की पत्नी ने न्यायालय में अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को झूठा साबित कर दिया। सनातन धर्म में विवाह विच्छेद का कोई प्रावधान नहीं है, इसे सात जन्मों का अटूट नाता माना जाता है। परंतु पाश्चात्य संस्कृति व फिल्मों के प्रभाव में आकर आज भी कई लोग झूठी घटना बनाकर न्यायालय में पेश कर देते हैं। कुछ ऐसा ही एक प्रकरण बिलासपुर न्यायालय में पेश किया था, जहां से बालोद परिवार न्यायालय अंतरित किया गया था। प्रकरण के अनुसार पति ने अपनी पत्नी पर यह आरोप लगाया था कि, विवाह के बाद से ही उसकी पत्नी ने उसे शारीरिक सुख से वंचित रखा है और परिवार के साथ में अमर्यादित आचरण कर हम सब को प्रताड़ित कर क्रूरतापूर्ण आचरण कर रही है। इस कारण से विवाह की विच्छेदित कर तलाक कराई जावे। पीड़ित पत्नी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त सभी झूठे आरोपों का खंडन करते हुए अपनी विधिपूर्ण बचाव किया। न्यायपूर्ण तर्क पश्चात कुटुंब न्यायालय बालोद के द्वारा पति के आवेदन को अप्रमाणित होना मानकर खारिज कर दिया गया।

### 78 लीटर देशी शराब के साथ तीन पकड़ाए

**बालोद।** पुलिस ने तीन लोगों को 78 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना रनचिरई क्षेत्र अंतर्गत आरोपी तुलसी राम, उम्र 30 वर्ष, साकिन रजोली वार्ड नंबर 17 के पास से 30 नग पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जब्त की गई। इसी तरह 27 जनवरी को थाना देवरी अंतर्गत मार्रीबंगला देवरी निवासी राधेलाल देवांगन, उम्र 59 वर्ष के पास से 30 पौवा देशी मदिरा जब्त किया गया। इसके साथ ही 26 जनवरी को थाना दल्लीराहजरा के अंतर्गत आरोपी देवीचंद, उम्र 56 वर्ष, साकिन अरमुरकसा के पास से 18 नग पाव देशी शराब जब्त की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया है।

आयोजन : परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का स्कूलों में सीधा प्रसारण, लोगों ने कहा-

# प्रधानमंत्री मोदी की सलाह माता-पिता और गुरू की बातों की तरह महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

परीक्षा पे चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल के 7 वे एपिसोड को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में अटल टिंकरिंग लेब प्रोजेक्टर माध्यम से छात्र-छात्राओं ने देखा, सुना, समझा और सराहा। छात्रा दीक्षा यदु ने कहा कि परीक्षा की तैयारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन माता पिता गुरु और विद्यार्थियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। छात्र तामेश्वर साहू ने कहा कि विद्यार्थी को तन और मन से स्वस्थ रहने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह मोबाइल की तरह शरीर को भी चार्ज करते रहना चाहिए, बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार और भरपूर नींद फायदे मंद है। छात्र प्राची ने लिखकर पढ़ने की कला पर फोकस किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा स्थल पर रिलेक्स होकर पहुंचना चाहिए, प्रधानमंत्री की इस राय को हर विद्यार्थी को सरलता से अपनाना चाहिए।

छात्रा डिगेश्वरी ने कहा कि मोबाइल पर पारदर्शी सिस्टम विद्यार्थियों को अपनाना चाहिए, प्रधानमंत्री की यह सलाह निश्चित ही परिवार में विश्वास अर्जित करने का नायाब तरीका है। श्री मोदी की यह सलाह कि परिवार का कोई भी सदस्य एक दूसरे का मोबाइल देख सके, यह अत्यंत सराहनीय है।

प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों से परिवार के सदस्य की भांति आत्मीयता रखे। टापर के साथ साथ कमजोर विद्यार्थी से भी आत्मीयता रखे और गुण ढूंढकर उसकी तारीफ कर उत्साहित करे, तो कमजोर बच्चे का भी आत्म विश्वास विकसित होने लगेगा। शिक्षिका रोशनी साहू ने कहा कि आप पर किसी को कोई शक होने लगे ऐसा काम ही नहीं करें, तनाव देने और लेने दोनों से बच सकते हैं।





### पीएम मोदी ने तनाव मुक्त परीक्षा देने व सफलता के लिए दिए टिप्स



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुर के छात्रों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री द्वारा तनाव मुक्त एवं भयमुक्त वातावरण में परीक्षा की तैयारी करने के टिप्स दिए गए, जिसे विद्यार्थियों ने बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री ने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए पूरे मनोयोग के साथ पढ़ाई लिखाई के अलावा व्यायाम एवं शारीरिक श्रम, उचित आहार, भरपूर नींद को भी आवश्यक बताया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर, लैपटॉप एवं मोबाइल जैसे आधुनिक तकनीकों के बारे में बताते हुए कहा विद्यार्थियों को इनका आवश्यकतानुसार सही समय पर सही उपयोग करना चहिए। इस अवसर पर प्राचार्य टी गौतम, व्याख्याता सीमा साहू, भारती साहू, मानकी ठाकुर, श्वांगी ठाकुर, एलके साहू, डीआर सिन्हा, धनेश्वर गोयल, पंकज कटेंद्र, प्यारे लाल साहू, सीआर टेमुनिया उपस्थित थे।

### आदर्श कन्या विद्यालय में विद्यार्थियों ने सुनी पीएम मोदी की सलाह





**बालोद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के दौरान पूरे देश के विभिन्न स्थानों के विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें परीक्षा एवं जीवन में सफल होने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण टिप्स दिए। जिला मुख्यालय बालोद के शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं आला अधिकारियों के अलावा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, केसी पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक–शिक्षिका एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा एवं जीवन में सफल होने के लिए दिए गए महत्वपूर्ण टिप्स को पूरे मनोयोग से सुना।

इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूरे देश के विद्यार्थियों को दी गई जानकारी हमारे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होगा। इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिले के विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहकर पूरे मनोयोग से परीक्षा की तैयारी में जुट जाने को कहा।

# हर वर्ग को समानता की दृष्टि से देखते हैं पीएम मोदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बालोद में शक्ति वंदन योजना की जिला एवं जिले के तीनों विधानसभा की समिति की संयुक्त रूप से बैठक रखी गई। मुख्य वक्ता पंडरिया विधायक भावना बोहरा थीं।

- शक्ति वंदन योजना की बैठक में मुख्य वक्ता पंडरिया विधायक भावना ने कहा

स्वागत उद्बोधन में जिला संयोजक देवेंद्र जायसवाल ने योजना की जानकारी दी। मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षण हो चुका है। इसके बाद जिला स्तर पर कार्यशाला एवं मंडल स्तर पर कार्यशाला होगी। ब्लॉक स्तर पर नारी शक्ति सम्मान समारोह एवं बुथ स्तर पर इसकी विस्तृत कार्य योजना बनी है।

1 फरवरी से बुथ स्तर पर सम्मान समारोह रखा जाएगा। स्व सहायता समूह की महिलाओं को इस योजना के तहत मोदी जी के संबोधन का सीधा प्रसारण सुनने व्यापक कार्य योजना बनी है। क्षेत्रीय स्तर पर स्व सहायता समूह की बहनों के साथ चाय पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने समिति का बूथ स्तर पर विस्तार करते हुए हर घर संपर्क



शक्ति वंदन योजना दुर्ग संभाग की संयोजक भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग को समानता की दृष्टि से देखते हैं। वे सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

उनके कार्यकाल में हर क्षेत्र में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। देशभर में 10 करोड़ महिलाओं व स्व सहायता समूह से सीधे संपर्क एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के दृष्टिकोण से शक्ति वंदन योजना के तहत कार्य होगा। केंद्रीय एवं प्रांतीय कार्यशाला में करने का आह्वान भाजपा कार्यकर्ताओं से किया। कार्यक्रम का आभार जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सरोज गंगबेर ने किया। इस अवसर पर यज्ञदत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राकेश छोटू यादव, ठाकुर राम चंद्राकार, नरेश साहू, जयेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, कौशल साहू, सहित वंदन समिति के जिला एवं विधानसभा के सदस्यों में लीला शर्मा, प्रेमलता साहू, सरोजिनी साहू, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## श्रद्धांजलि

## अनंत स्मृतियों का द्वितीय पुण्य स्मरण

जन्म 14.01.1941

स्वर्गवास 31.01.2022



**स्व. दाऊ रामकुमार यादव (बाबा भैय्या)**

(एकाउन्ट ऑफिसर सेवानिवृत्त भिलाई स्टील प्लांट)

द्वितीय पुण्यतिथि दिनांक - 31-01. 2024

दादा चले गये आप अपने घर से आप हृदय से दूर नही, रुखसत हुए आप दुनियां से,
लेकिन हमसे दूर नही, हम जब आपको याद करते है, आपका हाथ अपने सिर पर पाते है,
आप हम सबको साथ होने की अनुभूति कराते है। हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे,
आपकी, द्वितीय पुण्यतिथि में समस्त परिवारजन श्रद्धांजलि अर्पित करते है,
आपकी याद में श्रद्धानवत "परिवार"

मुकेश - पूर्णिमा यादव (पुत्र-पुत्रवधू)
राकेश - महिमा यादव (पुत्र-पुत्रवधू)
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद
ओमिता यादव (पुत्री)
राजेश - विनिता यादव (पुत्र-पुत्रवधू)
अद्वितीय (पौत्री) आर्यमन, शशांक,
शिवांग, अभिन्न, कनिष्क, ऐशान (पौत्र)
प्रेक्षा, सुहानी, प्रकृति (पौत्री)

मुकेश यादव (पुत्र)
श्रीमती किरण योगेश यादव (बहू)
अजय यादव (भतीजा)
नितिन यादव (भतीजा)
प्रवीण यादव (भाई)
धर्म धुरन्धर यादव (पौत्र)

**समस्त यादव परिवार बालोद**
मो.नं. 62650 90065, 99932 36733

## प्रार्थना

## एक सिसकती अभिलाषा

सृष्टिकर्ता से यही प्रार्थना जब-जब जन्म मिले,
उनके जैसा नही, मुझे बस वो ही पिता मिले,
सूर्य के उत्तरायण में लिया, जन्म बालोद में,
अपने ददिहाल-ननिहाल की असंख्य पीढ़ियों को दिया ख्याति सूर्योदय का वरदान,
श्रीराम दरबार का दिया भाव आशीष,
मेरे बचपन के आँगन में मेरा मचलना देख गोद में लेकर खिलौनों के स्टेशन चलना,
जिस गुड़िया पर मैं रख दूँ ऊँगली, वही गुड़िया मेरी सखी हो जाती,
जहाँ मैं मुस्कुराई वही उनकी सुबह हो जाती,
लूडो, कैरम, साँप-सीढ़ी, शतरंज के खेलों में मेरी मुस्कान के लिए बाजी हार जाते,
हम रहे खुश इसलिए न्यौछावर हो जाते,
सारी उम्र दिया मेरे बचपन को और जिंदगी मेरी चाहों को, सपनों को मेरे किया साकार
और मंजिल मेरी राहों को जब-जब मैं रही तकलीफ में रातभर न वो सोये, मेरे आँसू पोंछे
लेकिन खुद छिप-छिपकर रोये, मेरी पीड़ा से पीड़ित जिनका सर्वांग हिले,
उनके जैसा नही, मुझे बस वो ही पिता मिले।
मेरे सब निर्णय में साथ निभाया जग की हर तोहमत से सीनातान मुझें बचाया, झेली बड़ी
मुसीबतें लेकिन किये न कभी गिले, उनके जैसा नही, मुझे बस वो ही पिता मिले,
मेरी मेधा ऋणी उन्ही की वो गौरवान्वित मुझ पर मुझ सी बेटी पाकर अपने अहीर कुल को
धन्य पाये। मेरी कीर्ति को देखकर जिनका हृदय दिन-रात खिले, उनका हाथ रहा जब तक
मेरे सिर पर जब तक थी कौन सी अद्भुत शक्ति ओमिता जैसी, बुढ़ा गई पर समझा बच्ची
सदा रहूँ मैं ऐसी उनके सम्बल से जीते हैं मैने सभी किले,
उनके जैसा नही मुझे बस वो ही पिता मिले।
साथ बीते समय के अनगिनत ग्रंथों के पन्ने को करवट बदल-बदलकर स्मृतियों को
दोहराना, वो बाहों के झूले वो हथेलियों का सिरहाना, दिन-रात आँखों में सागर का उतरना
वो तूफान, वो शीतलहर, वो भावनाओं का हिलोरे लेना, आपकी आहट सुनने हर पल कान
तरसे, उनके जैसा नही, एक सिसकती अभिलाषा, मेरी आँखें दर्शन को तरसे,
बाबुल ले लो गोद अपने, आज माता-पिता बिन, बिन सूरज के दिन निकले
उनके जैसा नही, मुझे बस वो ही पिता मिले...
सृष्टिकर्ता से यही प्रार्थना जब जब जन्म मिले...उनके जैसा...

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने सीखा योगासन

**बालोद।** पांच दिवसीय योग शिविर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलमांड द्वारा ग्राम पड़कीभाट में एचडब्लूसी के योगाचार्य पूरन लाल साहू के साथ निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर राजेश कुमार झरिया, अरविंद ठाकुर का सहयोग एवं बच्चों के साथ बड़े भी योग में भाग लिए। इसमें योग प्राणायाम, यौगिग जॉगिंग, भस्त्रिका, कपालभांति, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, सिंहासन, हास्यासन अनेक प्रकार के योग के साथ खान–पान, रहन सहन, संस्कार संगत और संकल्प पर विशेष चर्चा के साथ बच्चों को ध्यान आकर्षण कराया गया। जिसमें निरंतर योग, घर योग और अंतिम व्यक्ति तक का पुरुषार्थ करने के लिए योग कराया गया।

### पेड़ की छाया में बारी का इंतजार



**बालोद।** मौसम में परिवर्तन होने और तापमान में उछाल आते ही अब लोग छांव ढूंढने लगे हैं। मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले भर से बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्या और मांगों को लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे। भीड़ होने के कारण कई ग्रामीण परिसर में लगे पेड़ों के नीचे छाया देखकर वहीं बैठ गए और अपनी बारी का इंतजार करने लगे।

### पीपरखार में 7 को मड़ई

**डौडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम पीपरखार में 7 फरवरी दिन बुधवार को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम के लोमेश व लाल सिंह कमरो ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम मंदलोर चंपारण जिला रायपुर का कार्यक्रम रखा गया है।

### मटिया में हुआ कबड्डी स्पर्धा



**गुण्डरदेही।** ग्राम मटिया (हल्दी) में लोहितांग कबड्डी क्लब के तत्वधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे। अध्यक्षता सरपंच दानी राम सिन्हा ने किया। विशेष अतिथि उपसरपंच महेन्द्र रात्रे, अमृतानंद सिन्हा, लेखराम साहू उपस्थित थे। श्रीमंडावी ने कहा कि खेल मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है, खेल से हमारी शारीरिक मानसिक और सामाजिक सेहत में सुधार होता है, इसलिए खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष महेश्वर यादव, उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी, थानेश्वर साहू, खूबलाल डहरे, प्रदीप साहू, खेमन साहू, हेमन्त ठाकुर, नरेन्द्र नेताम, भूपेश डहरे, दोनी यादव, कृपाराम साहू, कौशल सार्वा, गुलशन साहू, राजेन्द्र यदु, खिलावन निर्मलकर सहित ग्रामवासी व खिलाड़ी उपस्थित थे।

गड़बड़ी : ग्राम कोचेरा में बन रही सीमेंट कांक्रीट सड़क की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

# कार्य पूरा होने से पहले सड़क में आने लगी दरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

### ग्रामीणों ने कहा- काम शुरू होने से पहले कुछ और कहा गया था, हो कुछ अलग रहा है



ग्राम कोचेरा में बन रही सीमेंट कांक्रीट सड़क बनने के चंद महीनों में ही टूटने लगी है। कार्य अभी प्रगति पर ही है, लेकिन उसकी मजबूती ने अभी से जवाब देना शुरू कर दिया है। वहीं, निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य में पूरी गोपनीयता बरती जा रही है, जिससे कार्य के संबंध में ग्राम में किसी को ज्यादा कुछ नहीं मालूम।

विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोचेरा में लोक निर्माण विभाग द्वारा सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण आरंभ से ही विवादों में रहा है, कार्य आरंभ हुए 1 साल लगभग हो गया है, लेकिन अभी तक सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों को यह भी नहीं मालूम कि उसकी लागत कितनी है। सड़क का बेस कितना होगा, सीमेंटीकरण कितना फीट लंबा व चौड़ा होगा, उसकी मोटाई क्या होगी।

ग्रामीणों ने चर्चा में बताया कि सड़क की बेस चौड़ाई 32 फीट होने की बात कार्य आरंभ होने के पहले ग्राम में पहुंचे इंजीनियर ने बताई थी। उस आधार पर ग्रामीणों के कब्जे को भी हटवाया गया था। वहीं, सीमेंटीकृत सड़क की चौड़ाई 11 फीट होने की जानकारी इंजीनियर ने दी थी।

ग्रामीणों ने बताया कि सीमेंटीकारण के पूर्व सड़क का बेस तैयार नहीं किया गया है, पुरानी सड़क की चौड़ाई में ही मुरूम डालकर समतल करने के बाद गिट्टी की बेस डाली गई, जबकि इंजीनियर के बताए अनुसार बेस के पहले 32 फीट चौड़ा मुरूम का बेस डालने के बाद गिट्टी का बेस डाला जाना था।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि निर्माण कार्य आरंभ होने के पहले इंजीनियर ने सड़क की लंबाई ज्यादा बताई थीं लेकिन कम लंबाई की सड़क बनाई गई है। सीमेंटीकरण करने के चंद महीनों में ही सीमेंट सड़क में जगह–जगह दरार आने लगी है, सड़क किनारे डाली जा रही है मुरूम की चौड़ाई भी कम है। इस तरह काम पहले बताए अनुसार नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

### ठेकेदार के कहे अनुसार हो रहा काम

ग्राम विकास समिति उपाध्यक्ष डामन लाल साहू ने कहा कि निर्माण आरंभ होने के पहले इंजीनियर ने सड़क की बेस चौड़ाई 32 फीट एवं सीमेंटीकृत सड़क की चौड़ाई 11 फीट बताई थी। कार्य की निगरानी कर रहे ग्राम के युवक प्रदीप कुमार ने कहा कि जैसा ठेकेदार कहता है, वैसा कार्य कर रहे हैं।

# जनपद पंचायत में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**डौंडीलोहारा।** जनपद पंचायत डौंडीलोहारा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रातः 7:30 बजे जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। ध्वजारोहण पश्चात सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जागृत सोनकर ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों ने अपने बलिदान देकर इस भारत भूमि को अंग्रेजों के गुलामी से छुटकारा दिलाया है। स्वतंत्रता के रक्षा के लिये संविधान लागू किया गया है। उस संविधान का हमें पालन करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा आम नागरिकों के लिए भेजे गए संदेश का वाचन किया। सभा को जनपद उपाध्यक्ष पोषण बनपेला ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की आन बान और शान को बनाये रखने के लिये पूरे भारत वर्ष में राष्ट्रीय पर्व मनाते हैं इसकी गरिमा को बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हजारों वर्ष की गुलामी की जंजीरों को तोड़कर महापुरुषों ने देश को आजाद कराया है। उस आजादी की रक्षा व किसी के स्वतंत्रता का हनन न हो जिसके लिए कानून का निर्माण हुआ है। जिसके सम्मान के लिए प्रतिवर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य वेणु मालेकर, जानकी बांसुरिया, जानकी साहू, खिलेश्वरी मंडावी, वेदकुंवर नेताम सहित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# ग्राम धोबनी ब में लगा एनएसएस का विशेष शिविर, हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम धोबनी (ब) विकासखंड डौंडी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जीवन खरे के सफल मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत में सघन स्वच्छता अभियान, पौधारोपण कार्यक्रम, नशा मुक्ति, अंधविश्वास उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण इत्यादि विषयों पर विविध कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण जागरूकता लाने का प्रयास किया।

शिविर में बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की भूमिका आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, विधिक साक्षरता, ग्रामीण भारत के संदर्भ में साइबर अपराध, वर्तमान परिदृश्य में यातायात जागरूकता इत्यादि विषयों पर विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित करके ग्रामीण एवं स्वयंसेवकों के लिए परिचर्चा का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनसंपर्क अधिकारी जनसंपर्क विभाग चंद्रेश ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के प्राचार्य डॉ जेके खलखो, सरपंच हरिशंकर उईके थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर एन खरे ने की। मुख्य अतिथि चंद्रेश ठाकुर ने राजभाषा छत्तीसगढ़ी में ग्रामीण युवाओं एवं स्वयं सेवकों को कठिन परिश्रम एवं समर्पित होकर लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विविध ग्रामीण क्षेत्र के सफल व्यक्तियों के उदाहरण देकर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

### श्रेष्ठ कार्य के लिए मोहनलाल हुए सम्मानित

**गुरूर।** बिजली विभाग में पदस्थ लाइन सहायक मोहनलाल साहू को उनके कार्य कुशलता के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें गुरुर वितरण केंद्र में पदस्थ रहकर अपने कुशल प्रबंधन से उचित समय किए गए सुधार ऊर्जा से दीपावली एवं विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान कोई भी विद्युत प्रावधान नहीं हुआ। अतएव निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु कंपनी की ओर से किए गए वादे का पूरा करने का प्रशंसनीय कार्य किया है, जिसके लिए इन्हें राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभाग के सहायक अभियंता हेमंत हिरवानी, कनिष्ठ सहायक दुष्यंत पोया, सीएच साहू, राधेश्याम ध्रुव, हेमराज साहू, आशुतोष पंचागम, विरेन्द्र भतरिया, भारत लाल शर्मा सहित स्टाफ के समस्त कर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।



# सड़क सुरक्षा माह के दौरान की गई वाहन चालकों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहन चालक, परिचालकों का शिविर लगाकर 90 चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच की गई। जागरूकता रथ एवं पॉम्पलेट वितरण कर वाहन चालकों को जागरूक किया गया। आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने की अपील की गई।

जिले में 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन के दौरान वाहन चालक, परिचालकों का स्वास्थ एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय बालोद के डॉक्टरों की टीम द्वारा शुगर, बीपी नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य जांच में 7 चालकों में बीपी, 10 चालकों में शुगर तथा 9 में अन्य बीमारियों के लक्षण पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने दवा देने के साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। वहीं, नेत्र जांच में 9 चालकों में नेत्र संबंधित समस्याएं आने पर दवाई देकर चश्मा लगाने की सलाह दी गई।



विगत दिनों थाना राजहरा क्षेत्र में भी राजहरा, कच्चे, भानु माइंस में कार्य करने वाले 150 ट्रक चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच की गई थी। शिविर में जिला चिकित्यालय बालोद के डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर गोविन्दराम चिकित्सा अधिकारी, चन्द्रप्रकाश मिरी मुकेश साहू, अभिमन्यु करपाल लैब टेक्नीशियन, यशवंत साहू वार्डब्वाय व यातायात प्रभारी व यातायात बालोद के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सेविका समिति ने की भारत माता की आरती



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय राष्ट्रीय सेविका समिति शाखा की बहनों द्वारा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर अमर शहीदों को याद करते हुए भारत माता की आरती का आयोजन किया गया। नगर के राजापारा दुर्गा चौक में राष्ट्र सेविका समिति के रानी कर्णावती बालशाखा की बहनों द्वारा भारत का मानचित्र बनाकर दीप जलाया गया। भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बहनों द्वारा भारतवर्ष की महत्ता, कृति, संकल्पना बताई गई। इसके साथ ही भारतवर्ष की विभिन्न ऐतिहासिक तथा धर्म संस्कृति संस्कार को विस्तार पूर्वक बताया गया। अंत में भारत माता की आरती द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति के समस्त सेविका बहन रानी कर्णावती बाल शाखा, दीदी लता गुप्ता, सुकृति, जागृति, सरिता माही, मुस्कान, पुष्पांजलि, मालती, शकुन, लक्ष्मी, गीतू, रिद्धि, मनीषा, खुशबू, मीरा साहू, सनौतीन, सरिता तथा सरस्वती शिशु मंदिर की बहनें शामिल थी।

# पढ़ाई के साथ खेलों में भी छात्रों ने दिखाया टैलेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- शैलदेवी कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद स्पर्धा संपन्न

शैलदेवी महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का आयोजन हुआ। इसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवांश सिंह राठौड़ एसडीपीओ पाटन व विशिष्ट अतिथि आनंद शुक्ला थाना प्रभारी अंडा थे। वहीं अध्यक्षता राजन दुबे अध्यक्ष, शैलदेवी महाविद्यालय ने किया। इस अवसर पर डॉ. के. एन. मिश्रा प्राचार्य, डॉ. रजनी राय संयुक्त संचालक, उपप्राचार्य डॉ. रश्मि पांडे सहित अनेक सहायक प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

श्री राठौर ने कहा कि सर्वत्र विजय के लिए अनुशासन व टीम भावना महत्वपूर्ण होता है। अनुशासन ही अच्छे जीवन की प्रेरणा देता है, साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम/फ्रॉड से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि हमें सदैव एक प्रहरी की भांति सजग और सावधान रहना चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति की बातों पर भरोसा ना करें और लालच में बिल्कुल ना आएं। यातायात संबंधी नियमों का हमेशा पालन करें, इससे आप और आपका परिवार सुरक्षित रह सकता है। पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है इससे हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।







### स्पर्धा में ये रहे विजेता

खेल उत्सव के आरंभ में बीएससी बीएड चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ संस्कृति से जुड़े उसके प्राचीन खेलों का प्रदर्शन किया गया। उद्घाटन मैच आईटीआई इलेक्ट्रीशियन व डीएलएड के विद्यार्थियों के मध्य हुआ, इसमें कबड्डी बालक वर्ग से विजेता इलेक्ट्रीशियन सेकंड ईयर, उपविजेता पीजीडीसीए रहे। बालिका वर्ग से विजेता सतरंगी ग्रुप व उपविजेता **B.Ed 4th** सेमेस्टर रहे। वॉलीबॉल में बालक वर्ग से विजेता बीकॉम द्वितीय वर्ष व उपविजेता पीजीडीसीए, चेस में बालक वर्ग से विजेता सुर्यकांत साहू सोलर टेक्नीशियन व उपविजेता पार्थ देवांगन बीएससी बीएड थर्ड। बालिका वर्ग से विजेता रूपा साहू, बीएससी बीएड चतुर्थ वर्ष तथा उपविजेता नितेश्वरी साहू बीएससी प्रथम वर्ष। स्लो साइकिल रेस बालिका वर्ग में प्रथम हितेश्वरी बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय रेशमा बीएससी प्रथम वर्ष, तृतीय गंगा सोनकर बीएससी बीएड थर्ड ईयर। बालक वर्ग से प्रथम लक्ष्मीकांत बीकॉम फाइनल ईयर, द्वितीय चैतन्य ठाकुर बेड फोर्थ ईयर, तृतीय पंकज सिदार बीएससी बीएड प्रथम वर्ष। गोली चम्मच दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम वर्ष बीएससी बी एड, द्वितीय कविता बीएससी बीएड प्रथम वर्ष व तृतीय रोशनी बीएससी बीएड चतुर्थ वर्ष रहे। गोली चम्मच बालक वर्ग में प्रथम लव कुमार, दानेश्वर एवं मनजीत तृतीय स्थान पर रहे।

### दिव्यांगों को कलेक्टर से मिली फौरी मदद



**बालोद।** कलेक्टर जनदर्शन में दिव्यांग मनोहर व श्रवण बाधित नितिन को जिला प्रशासन से मदद मिली। चलने–फिरने में हो रही परेशानियों के चलते ग्राम गब्दी के दिव्यांग युवक मनोहर भेड़िया को बैसाखी प्रदान की गई। वहीं मनोहर भेड़िया को कृत्रिम पैर प्रदान करने हेतु उनके पैर का नाप लिया गया। वहीं श्रवणबाधित बालक नितिन एवं उनके पिता महेश कुमार ने श्रवण यंत्र के मांग की इस पर कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने उन्हें तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान करने का निर्देश दिया। कलेक्टर के त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप तत्काल बैसाखी एवं श्रवण यंत्र मिलने से मनोहर एवं बालक नितिन बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। जनदर्शन में ग्राम सुंदर नगर के ग्रामीणों ने अपने गांव को राजस्व एवं डीजिटल ग्राम घोषित करने की मांग की। इसी तरह ग्राम रेंगाडबरी निवासी चंद्रिका बाई ने राशन कार्ड बनाने तथा ग्राम विकास समिति ग्राम मोखा के प्रतिनिधियों ने अपने अपने गांव के खेल मैदान का सीमांकन करने की मांग की।

करकाभाट शक्कर कारखाने में आयोजित गन्ना उत्पादक कृषक संगोष्ठी में शामिल हुए कलेक्टर

# गन्ना उत्पादक कृषकों को जरूरी मदद उपलब्ध कराएगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि शक्कर कारखाना करकाभाट में उत्पादन बढ़ाने के साथ बालोद जिले में गन्ना उत्पादन के लिए अनुकूल भूमि एवं जलवायु होने के कारण गन्ना की पैदावार की भी बहुत अच्छी संभावनाएं है।

चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के करकाभाट शक्कर कारखाने में समुचित उत्पादन हो सके इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के गन्ना उत्पादक कृषकों को जरूरी मदद उपलब्ध कराए जाएंगे। चन्द्रवाल 26 जनवरी को दंतेश्वरी मैय्या शक्कर कारखाना करकाभाट परिसर में आयोजित गन्ना उत्पादक कृषक संगोष्ठी के अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने किसानों की मांग पर किसानों को गन्ना के उत्पादन के लिए समुचित मात्रा में पानी एवं बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा उन्होंने गर्मी के दिनों में गन्ना फसल के लिए विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न न हो इसके लिए निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पर खेत से शक्कर कारखाना करकाभाट तक गन्ने की परिवहन के लिए किसानों को मदद उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही किसानों की मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए गन्ने की खेती के अंतर्गत भूमि सुधार के कार्य तथा गन्ना कटाई के कार्य के अलावा गन्ने के समुचित उत्पादन हेतु पड़त भूमि की सुधार हेतु मनरेगा के तहत कार्य स्वीकृत कराने पर विचार करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने गन्ना किसानों को अस्थाई विद्युत कनेक्शन को स्थायी कराने का आश्वासन भी दिया।

### एथेनॉल प्लांट लगाने पर विचार

कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि बालोद जिले में गन्ने का पैदावार पर्याप्त मात्रा में होने पर दंतेश्वरी मैय्या शक्कर कारखाना में एथेनॉल प्लांट लगाने पर भी विचार किया जाएगा। कलेक्टर चन्द्रवाल ने गन्ना कृषकों को उनके बिजली एवं पानी से संबंधित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए 30 से 40 कृषकों को सामुहिक रूप से आवेदन प्रस्तुत करने का सुझाव भी दिया। जिससे उनके मांगों का आसानी से निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. निलेश वर्मा एवं उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे ने बालोद जिले में गन्ना के पैदावार को बढ़ाने के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर किसान रमेश उईके, सतभुज देवांगन, भोजराम, बनवारी लाल किसानों ने अपना विचार रखते हुए गन्ना के उत्पादन बढ़ाने एवं गन्ना किसानों को आवश्यक मदद उपलब्ध कराने के संबंध में अपना सुझाव दिया। इस अवसर बड़ी संख्या में गन्ना कृषक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-

चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411